जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 06.11.2013

**प्रेस विज्ञप्ति**
**(सं. 2013/393)**

## जोधपुर–कोलकाता–जोधपुर (01 ट्रिप) स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा का संचालन

***वाया जयपुर, आगरा फोर्ट, इलाहाबाद, गया, कोडरमा, धनबाद, एवं आसनसोल चलेगी।***

रेलवे प्रशासन द्वारा लंबी प्रतीक्षा सूचि को देखते हुये यात्रियों की सुविधा क`लिये जोधपुर–कोलकाता–जोधपुर (01 ट्रिप) स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा का संचालन किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार गाडी संख्या 04831, जोधपुर–कोलकाता स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा **दिनांक 07.11.13 गुरुवार को** (01 ट्रिप) जोधपुर से 09.00 बजे रवाना होकर दिनांक 08.11.13 शुक्रवार को 18.35 बजे कोलकाता पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04832, कोलकाता–जोधपुर स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा **दिनांक 09.11.13 शनिवार को** (01 ट्रिप) कोलकाता से 18.30 बजे रवाना होकर दिनांक 11.11.13 सोमवार को 03.15 बजे जोधपुर पहुंचेगी।

यह गाडी दोनो दिशाओं में गोटन, मेडता रोड, डेगाना, मकराना, फुलेरा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, आगरा फोर्ट, टूंडला, कानपुर सेन्ट्रल, इलाहाबाद, मुगलसराय, भाबुआ रोड, सासाराम, देहरी आन सोने, अनुगढ नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर एवं बर्धमान स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

इस गाडी में 02 सैकण्ड एसी, 02 थर्ड एसी, 07 द्वितीय शयनयान श्रेणी, 07 द्वितीय साधारण श्रेणी एवं 02 गार्ड के डिब्बों सहित कुल 20 डिब्बें होगें।

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**